## भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय/मानव संसाधन विकास मत्रांलय व निदेशालय देहरादून एवं कई अन्य फाउण्डेशनों द्वारा परिषद् के विद्यार्थियों की प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्तियों का विवरण–

1- **INSPIRE (Innovation in science pursuit for inspired Research) Scholarship-इन्सपायर अवार्ड–**

भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा INSPIRE (Innovation in science pursuit for inspired Research) योजना के अन्तर्गत Scholarship for higher Education (SHE) हेतु मान्यता प्राप्त कालेज एवं विश्वविद्यालय में B.Sc., B.Sc (Hons), four year B.S. तथा five years Integreated M.Sc./M.S. Programme में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है, जिस क्रम में उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल द्वारा निम्नवत् कार्यवाही की जाती है–

:– इन्सपायर छात्रवृत्ति विज्ञान एवं प्रौद्योगिक मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा सीधे अर्ह विद्यार्थियों को प्रदान की जाती है। परिषद् कार्यालय द्वारा उक्त मंत्रालय को प्रति वर्ष इण्टरमीडिएट परिषदीय परीक्षाओं में सम्मिलित कुल विद्यार्थियों का टॉप 1 प्रतिशत विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों की सूची उपलब्ध करायी जाती है तथा अर्ह छात्रों द्वारा उक्त मैरिट प्रमाण पत्र में उल्लिखित मंत्रालय की वेबसाइट http://www.online-inspire.gov.in एवं www.inspire-dst.gov.in पर लॉग ऑन कर आवेदन पत्र ऑन लाइन स्वयं भरा जाता है तथा आवेदन पत्र की हार्ड कापी वेबसाइट में उपलब्ध पते पर साधारण डाक से स्वयं अभ्यर्थी द्वारा प्रेषित जाती है। इन्सपायर छात्रवृत्ति वितरण सम्बन्धी अन्य कार्यवाही विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी मत्रांलय नई दिल्ली द्वारा ही की जाती है। ऐसे विद्यार्थी यदि छात्रवृत्ति हेतु चयनित कर लिये जाते हैं तो उन्हें प्रतिवर्ष रू0 80000.00 (रू0 अस्सी हजार) मात्र की छात्रवृत्ति उच्च शिक्षा हेतु पांच वर्षों तक प्रदान की जाती है। छात्रवृत्ति नवीनीकरण हेतु अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक वर्ष 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के साथ कक्षा में उपस्थिति 75 प्रतिशत होना अनिवार्य है, अन्यथा छात्रवृत्ति स्वतः ही निरस्त हो जायेगी।

2- **Center sector scheme of scholarship for college and university students- केन्द्रीय छात्रवृत्ति–**

भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा कालेज एवं विश्व विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु केन्द्रीय छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इस योजना के अन्तर्गत उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् के माध्यम से मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार को 616 छात्रवृत्ति (308 बालकों तथा 308 बालिकाओं के लिए) संस्तुत की जाती है। इन छात्रवृत्तियों को विज्ञान/कृषि, वाणिज्य एवं कला विषयों में क्रमशः 3:2:1 में वितरित की जाती है, जिस क्रम में उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल द्वारा निम्नवत् कार्यवाही की जाती है–

:– केन्द्रीय छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा सीधे अर्ह विद्यार्थियों को प्रदान की जाती है। परिषद् कार्यालय द्वारा मंत्रालय को प्रति वर्ष इण्टरमीडिएट परिषदीय परीक्षाओं का परीक्षाफल उपलब्ध कराया जाता है एवं परिषदीय परीक्षा में उत्तीर्ण Top 20% के आधार पर योग्यताधारी विद्यार्थियों की मैरिट के अनुसार माह जुलाई/अगस्त में विज्ञप्ति जारी की जाती है। छात्रों द्वारा उक्त मंत्रालय की वेबसाइट (http://Scholarship.gov.in) पर लॉग ऑन कर आवेदन पत्र ऑन लाइन स्वयं भरा जाता है केन्द्रीय छात्रवृत्ति वितरण सम्बन्धी अन्य कार्यवाही मानव संसाधन विकास मत्रांलय नई दिल्ली द्वारा ही की जाती है। ऐसे विद्यार्थी यदि छात्रवृत्ति हेतु चयनित कर लिये जाते हैं तो उन्हें प्रथम तीन वर्षो में रू0 10000.00 (दस हजार रूपया मात्र) प्रतिवर्ष एवं चौथे एवं पाँचवे वर्ष में रू0 20000.00 (बीस हजार रूपया मात्र) प्रतिवर्ष की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है, छात्रवृत्ति नवीनीकरण हेतु अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक वर्ष 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के साथ कक्षा में उपस्थिति 75 प्रतिशत होना अनिवार्य है, अन्यथा छात्रवृत्ति स्वतः ही निरस्त हो जायेगी।

3- **धीरू भाई अम्बानी छात्रवृत्ति–**

:– धीरू भाई अम्बानी फाउण्डेशन मुम्बई द्वारा इण्टरमीडिएट की परिषदीय परीक्षा में सर्वोच्च अंक (टॉपर मेरिट) रैंक 15 एवं फिजिकल चैलेंज के सर्वोच्च अंक (टॉपर मेरिट) रैंक 10 प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की सूची छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु मॉगी जाती है, जिसे फाउण्डेशन के दिशा–निर्देश प्राप्त होने के उपरान्त परिषद् कार्यालय द्वारा माह जुलाई में सूची प्रेषित की जाती है, तत्पश्चात् फाउण्डेशन द्वारा छात्रवृत्ति धनराशि सीधे छात्रों को प्रदान की जाती है।

क्रमशः–2

**4- डॉ0 अम्बेडकर नेशनल मेरिट अवार्ड–**

:– डॉ0 अम्बेडकर फाउण्डेशन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मत्रांलय भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा हाईस्कूल अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की मेरिट सूची एवं इण्टरमीडिएट की विज्ञान/कला/वाणिज्य वर्ग के अनुसार अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की सूची उक्त अवार्ड हेतु फाउण्डेशन के दिशा–निर्देश प्राप्त होने के उपरान्त परिषद् कार्यालय द्वारा माह जुलाई में सूची प्रेषित की जाती है, तत्पश्चात् फाउण्डेशन द्वारा छात्रवृत्ति धनराशि सीधे छात्रों की प्रदान की जाती है।

**5- हिन्दुजा फाउण्डेशन छात्रवृत्ति–**

:– हिन्दुजा फाउण्डेशन मुम्बई द्वारा हाईस्कूल की परिषदीय परीक्षा में सर्वोच्च अंक रैंक 25 (first 25 top rankig students) प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की सूची छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु मॉगी जाती है, जिसे फाउण्डेशन के दिशा–निर्देश प्राप्त होने के उपरान्त परिषद् कार्यालय द्वारा माह जुलाई में सूची प्रेषित की जाती है, तत्पश्चात् फाउण्डेशन द्वारा छात्रवृत्ति धनराशि सीधे छात्रों की प्रदान की जाती है।

**6- उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् के हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट की परिषदीय परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक रैंक 25 (first 25 top rankig students) प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मान/पुरस्कार–**

:– निदेशालय, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून द्वारा उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) के हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट की परिषदीय परीक्षाओं में प्रतिवर्ष सर्वोच्च अंक रैंक 25 (first 25 top rankig students) प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के माता/पिता तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या को सम्मान व पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

**7- स्व0 कमला नेहरू पुरस्कार–**

:– उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् के हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट की परिषदीय परीक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की माताओं को प्रदेश सरकार द्वारा एक प्रशस्ति पत्र एवं रू0 1000/– की धनराशि दी जायेगी जो स्व0 कमला नेहरू पुरस्कार के रूप में होगी तथा इसका वितरण प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर (खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय) आयोजित किया जायेगा।

07/9/2021

(डॉ0 आर0डी0 शर्मा)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद,
रामनगर (नैनीताल)।